छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, विधिक सेवा मार्ग, बिलासपुर

क्रमांक/2020/एक–14–01/2017 बिलासपुर दिनाँक 06 /08/2018

सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर एवं शीघ्रलेखक हिन्दी के पद पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक 2187/एक–14–01/2017 बिलासपुर दिनाँक 13.10.2017 के परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, अधिकारी/कर्मचारी भर्ती नियम 2012 के प्रावधान अनुसार, छत्तीसगढ़ शासन के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर एवं अधीनस्थ स्थापनाओं में सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर एवं शीघ्रलेखक हिन्दी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाईट www.cgvyapam.choice.gov.in पर आमंत्रित किए जाते हैं।

2. परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

1. परीक्षा की तिथि –30.09.2018 (रविवार)
2. परीक्षा का समय –अपरान्ह 02.00 बजे से 05.15 बजे तक
3. परीक्षा केंद्र (05 संभागीय मुख्यालयों में) –अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर
4. परीक्षा शुल्क–परीक्षा शुल्क निम्नानुसार देय होगा–
   - सामान्य वर्ग 350/–
   - अन्य पिछड़ा वर्ग 250/–
   - अनुसूचित जाति/जनजाति/निःशक्तजन 200/–
5. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 07.08.2018 (मंगलवार)
6. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरकर ऑनलाईन परीक्षा शुल्क भरने की अंतिम तिथि 04.09.2018 (मंगलवार), रात्रि 11.59 बजे तक
7. व्यापमं की वेबसाईट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 24.09.2018(सोमवार).
8. रिक्त पदों का विवरण निम्नुसार है :–

क.	पद कानाम	वेतन मेट्रिक्स	वर्ग	पद संख्या						शैक्षणिक योग्यता
				मुक्त	महिला	भूतपूर्व सैनिक	निःशक्त जन	उत्कृष्ट खिलाड़ी	योग	
1.	सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर	लेबल–9	अनाराक्षित	01	–	–	–	–	01	यूनिक्स/ओपन सोर्स साफ्टवेयर/ विन्डोज, एन. टी. में कार्य करने का अनुभव के साथ निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताः– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान या संबंधित विषय में एम.सी.ए./बी.ई./बी.टेक डिग्री अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि के साथ डी.ओ.ई से ए लेबल कोर्स या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पी.जी.डी.सी.ए. तथा प्रोग्रामिंग/साफ्टवेयर डेवलपमेंट में तीन वर्ष का अनुभव
2.	शीघ्रलेखक हिन्दी	लेबल–7	अनारक्षित	03	02	01	01 (OH)	–	07	1–मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उतीर्ण हो। 2–मान्यता प्राप्त बोर्ड से हिन्दी में 100 शब्द प्रति मिनट की गति से शीघ्रलेखन एवं 30 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ हिन्दी कम्प्युटर टायपिंग परीक्षा उतीर्ण हो। 3–शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री/प्रोग्रामिंग में 10000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति से एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र परीक्षा उतीर्ण हो।
			अनुसूचित जाति	03	01	–	–	–	04	
			अनुसूचित जनजाति	06	02	01	–	–	09	
			अन्य पिछड़ावर्ग (कीमीलेयर को छोड़कर)	02	–	–	–	–	02	
			योग–	**14**	**05**	**02**	**01**	**00**	**22**	

3. आयु सीमा :–अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.01.2018 को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो, परंतु छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी निवासी के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष के स्थान पर 40 वर्ष होगी। छ.ग.शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला तथा अन्य पात्र अभ्यर्थियों को शासन के नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

क्रमशः–2

नोट :– i विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है, यह संख्या विभाग की आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

ii विज्ञापन में उल्लेखित रिक्त पदों का प्रवर्गवार आरक्षण माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा याचिका कमांक रिट पिटीशन– सी कमांक 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होगा। विस्तृत विज्ञापन, पाठ्यकम, ऑनलाईन आवेदन एवं शुल्क भुगतान की तिथि तथा अन्य जानकारी व्यापमं की वेबसाईट www.cgvapam.choice.gov.inपर देखा जा सकता है।

iii पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट से भेजे जाने वाले आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे।

<u>परीक्षा निर्देश</u>–व्यापमं द्वारा जारी परीक्षा निर्देश व्यापमं की वेबसाईड <u>www.cgvapam.choice.gov.in</u> पर उपलब्ध है, जिसमें ऑनलाईन आवेदन का प्रारूप, आवेदन पत्र भरने की विधि, आवेदन पत्र में फोटो, हस्ताक्षर एवं बाएं हाथ के अंगूठे का निशान स्केन करने एवं पोस्ट करने की विधि, ऑनलाईन पेमेंट की विधि, अभ्यर्थी का प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी.नंबर के आधार पर ऑनलाईन एडमिट कार्ड प्राप्त करने की विधि तथा अन्य जानकारियां दी गई है।

06/8/18

सदस्य सचिव

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

बिलासपुर (छ0ग0)